कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

E-mail- cgvyapam20@gmail.com Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक / व्यापम / 2021 / 510 रायपुर, दिनांक 05 APR 2021

मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा हेतु परीक्षा केन्द्र निर्धारण के सम्बंध में प्रेस विज्ञप्ति

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा छ.ग. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, रायपुर के प्रस्ताव पर मंडी निरीक्षक एवं उप निरीक्षक भर्ती परीक्षा 2021 **(MSI21)** हेतु पूर्व में केवल 08 जिला मुख्यालयों में परीक्षा आयोजित किया जाना था।

ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की संख्या अपेक्षा से बहुत अधिक होने के कारण व्यापम द्वारा अब प्रदेश के सभी 28 जिला मुख्यालयों में परीक्षा आयोजन करने का निर्णय लिया गया है । अतः अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन में पूर्व में चुने गये परीक्षा शहर में परिवर्तन कर सकेंगे ।

परीक्षा शहर हेतु परिवर्तन करने की प्रक्रिया –

अभ्यर्थी " Track Application Status" में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन ID तथा जन्मतिथि डालकर Captcha Enter करें । इसके बाद अभ्यर्थी को ऑनलाइन Edit का Option दिखेगा, जिसमें परीक्षा शहर के Option में 28 जिले दिखेंगे। अभ्यर्थी 28 जिलों में से किसी एक का चयन कर सकते हैं। केवल परीक्षा शहर चयन हेतु अभ्यर्थी को कोई शुल्क जमा नहीं करना होगा । इस Option में अन्य त्रुटि में भी संशोधन किया जा सकता है ।

अन्य त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को पूर्व निर्धारित किया गया रू. 50/– का शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा । शुल्क जमा होने के उपरांत ही सुधार की गई प्रविष्टियॉ मान्य होगी ।

अभ्यर्थी दिनांक 05.04.2021 से 09.04.2021 तक परीक्षा शहर में परिवर्तन/त्रुटि सुधार सकते हैं । 09.04.2021 के बाद किसी भी प्रकार का संशोधन/त्रुटि सुधार हेतु अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

(डॉ. प्रदीप चौबे)
सलाहकार
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर